प्राइड एंड प्रेजउडीस

जेन ऑस्टिन

लेखिका के विषय में

जेन ऑस्टिन गाँव के पादरी की बेटी थी. उनका जन्म दिसम्बर 1775 में हैम्पशायर, इंग्लैंड में हुआ था. शुरू में उनका शिक्षण घर में हुआ था और पिता ही उन्हें पढ़ाते थे, यद्यपि वह थोड़े समय के लिये एक बोर्डिंग स्कूल भी गयीं थीं. पुस्तकें पढ़ना, गाँव में सैर करना और लोगों के साथ अच्छा संवाद करना उन्हें पसंद था.

सात बच्चों में से एक होने के कारण उन्हें घर में ही मनोरंजन के कई कारण मिल जाते थे. उनका शुरू का लेखन भी अपने परिवार के मनोरंजन के लिए रचा गया था. बीस वर्ष की होते-होते उन्होंने दो उपन्यास लिखने शुरू कर दिए थे. यह थे प्राइड एंड प्रेजउडीस और सेंस एंड सेंसिबिलिटी. अन्य रचनायें जो उन्होंने बाद में लिखीं, वह थीं, नार्थएंगर ऐबी, मैन्सफील्ड पार्क और एमा.

उनके सभी उपन्यास एक ही विषय पर हैं; अठारवीं शताब्दी में उच्च वर्ग के इंग्लिश समाज के लोगों का आचरण और उनका सामाजिक व्यवहार. यद्यपि उनकी कहानियों में कोई रोमांच नहीं है फिर भी आलोचकों का मानना है कि उन्होंने अपनी कहानियों में इंग्लिश समाज को बहुत वास्तविक चित्रण किया है, जिस कारण उनके उपन्यास रोचक हैं. जेन का निधन बयालीस वर्ष की आयु में सन 1817 में हुआ था.

प्राइड एंड प्रेजउडीस

जेन ऑस्टिन

जिस समय की यह कहानी है, उस काल में इंग्लैंड की जिन युवतियों के पास अधिक धन न होता था, उनके लिए विवाह ही जीवन का एक मात्र विकल्प होता था. चाहे वह इस बात से कितनी ही अप्रसन्न क्यों न थीं, उनके पास कोई और उपाय न था.
बेन्नेट परिवार में पाँच बेटियाँ तो थीं, पर धन अधिक न था. उन लड़कियों का विवाह रचाना ही मिसेज़ बेन्नेट के जीवन का ध्येय था.

मिस्टर बेन्नेट, रुकिए! क्या आपने हमारे सौभाग्य के बारे में कुछ सुना?
नहीं, प्रिय. लेकिन मैं जानता हूँ की तुम मुझे बतलाने वाली हो.

मेरा तात्पर्य है मिस्टर बिन्ग्ली-वह युवक जिसने नेधरफील्ड हवेली किराये पर ली है!
वह विवाहित है या अकेला?

अकेला है! और वह धनी है, सुंदर है!
पर इससे हमें क्या लेना-देना?

क्यों? उसे हमारी किसी लड़की से विवाह कर लेना चाहिये! आप अभी जाकर उससे मिलें!
मैं नहीं जाऊँगा! लड़कियों को भेज दो उससे मिलने के लिये!

शीघ्र ही मिस्टर बेन्नेट मिस्टर बिन्गली से मिलने गये. कुछ दिनों बाद मिस्टर बिन्गली भी बेन्नेट परिवार से मिलने आये.
मैंने सुना है कि यहाँ जल्दी ही नृत्य का आयोजन होगा?
हाँ, सही सुना है आपने. और अगर आप आयेंगे तो हमें प्रसन्नता होगी.
मिस्टर बिन्गली ने बेन्नेट परिवार की पाँच सुंदर लड़कियों के विषय में सुन रखा था. वह किसी लड़की को देख न सका, लेकिन लड़कियाँ उसे देख पा रही थीं.
मेरे विचार में वह बहुत आकर्षक है. उसका नीला कोट कितना सुंदर है!
और उसका काला घोड़ा कितना खूबसूरत है!

जल्दी ही मिसेज़ बेन्नेट ने अपनी मित्र लेडी लूकस से बात की.

मैंने मिस्टर बिन्ग्ली को डिनर के लिए आमंत्रित किया था पर उसे लंदन जाना था.

क्या वह नेधरफील्ड में नहीं रहेगा?

ओह, हाँ. मुझे लगता है कि वह हमारे नृत्य के लिये मेहमानों को आमंत्रित करने गया है! मैंने सुना है, सात पुरुष और बारह महिलायें आयेंगी!

फिर नृत्य समारोह की रात्रि आई.

मिस्टर बिन्गली की सब से भेंट हुई. उसने कई बार नृत्य किया.

उसने शार्लेट लूकस के साथ नृत्य किया.

उसने एलिज़ाबेथ बेन्नेट के साथ नृत्य किया.

उसने सबसे अधिक नृत्य जेन के साथ किया.

वहां अधिक पुरुष नहीं थे लेकिन डार्सी ने सिर्फ दो बार नृत्य किया- सिर्फ बिन्गली महिलाओं के साथ.

और वह सिर्फ अपने मित्रों के साथ ही बात कर रहा था.

यहाँ जो सबसे सुंदर लड़की है, तुम सिर्फ उसके साथ नृत्य कर रहे हो!

जितनी भी लड़कियाँ मैंने अब तक देखी हैं उन सब से वह अधिक सुंदर है! लेकिन मैं तुम्हें उसकी बहन से मिलवाना चाहता हूँ, वह भी बहुत सुंदर है.

जो युवती वहां पर है?

हाँ, वही!

मुझे वह बहुत सुंदर नहीं लगी! तुम अपना समय गंवा रहे हो!

तुम पूरे निकम्मे हो!

डार्सी की बातें सुन कर एलिज़ाबेथ को गुस्सा भी आया और मज़ा भी आया.

नृत्य के बाद एलिज़ाबेथ और जेन घटनाचक्र के विषय में बातें करने लगीं.
मैं तो मिस्टर बिन्ग्ली की प्रशंसक बन गयी हूँ. वह कितना चतुर, उत्साही और विनोदी है.
और आकर्षक भी!

मुझे तो आश्चर्य हो रहा है कि उसने कितनी बार मेरे साथ नृत्य किया. मुझे तो इस सम्मान की अपेक्षा ही नहीं थी.
और क्यों नहीं? वह देखा सकता था कि तुम अन्यों से पाँच गुना अधिक सुंदर हो.

अरे, लिज़्ज़ी!
और वह बहुत अच्छा है- यद्यपि तुम्हें सब अच्छे ही लगते हैं और तुम किसी की बुराई नहीं करती हो!

और क्या तुम्हें उसकी बहनें भी अच्छी लगीं? मुझे तो अच्छी नहीं लगीं!
शुरू में तो नहीं, लेकिन बातचीत करने में वह बहुत शालीन हैं.

लूकस परिवार, बेन्नेट परिवार का पड़ोसी था और दोनों परिवारों में गहरी मित्रता थी. सर विलियम ने व्यापार में खूब धन कमाया था. उन्हें नाइट की उपाधि से सम्मानित किया गया था. नृत्य समारोह के बाद अगली सुबह........

और उनके आने के बाद.....

तुमने बहुत अच्छा नृत्य किया, शार्लेट. मिस्टर बिन्ग्ली की तुम पहली पसंद थी.

लेकिन उसे अपनी दूसरी पसंद अधिक अच्छी लगी थी!

ओह, तुम्हारा तात्पर्य है जेन! हाँ, वह कह रहा था कि उस कमरे में सबसे सुंदर लड़की वही थी. देखते हैं इसका क्या परिणाम निकलता है.

जल्दी ही बेन्नेट महिलायें और बिन्गली महिलायें एक दूसरे के घर आने-जाने लगीं. मिस्टर बिन्गली और जेन की कई पार्टियों में मुलाक़ात हुई.

हर कोई देख रहा था कि बिन्गली जेन से प्रेम करने लगा था.

एक सुबह जेन को एक सन्देश मिला.
यह किसने भेजा है? क्या लिखा है?
मिस बिन्ग्ली का सन्देश है. उसने आज रात मुझे डिनर पर बुलाया है. पुरुष घर में नहीं होंगे.

तुम्हें तो घोड़े पर सवार होकर जाना पड़ेगा. घोड़ा-गाड़ी तो तुम्हारे पिता को चाहिये.
यह सच है.

अगर तूफ़ान आ गया, जिसकी पूरी संभावना है, तो उन्हें जेन को रात-भर वहीं रुकने देना होगा!
आपके दृष्टिकोण से तो यह बढ़िया योजना है. बस जेन को कोई कष्ट न हो.

जेन घोड़े पर सवार हो कर चली गयी. शीघ्र ही बारिश शुरू हो गई.

जेन भीग जायेगी!

मेरी योजना ठीक ही थी. उन्हें उसे रात-भर वहां रखना ही पड़ेगा.

तूफानी रात के बाद एक नौकर जेन का एक सन्देश लाया.

जेन बीमार है, उसका गला खराब है और उसे सिरदर्द है. बिन्ग्ली परिवार चाहता है कि स्वस्थ होने तक वह वहीं रहे.

कितनी अच्छी बात है!

अगर तुम्हारी बेटी मर जाती है तब भी तुम्हें ख़ुशी होगी, क्योंकि मिस्टर बिन्ग्ली का पीछा करना ही तुम्हारी योजना थी.

लोग सर्दी-ज़ुकाम से नहीं मरते! अगर घोड़ा-गाड़ी होती तो मैं उसे देख आती.

मैं उसे देखने जाऊँगी, चाहे मुझे चल कर ही क्यों न जाना पड़े.

इतने कीचड़ में? वहां पहुँचते-पहुँचते तुम्हारे कपड़े गंदे हो जायेंगे

कोई फर्क नहीं पड़ता. मैं जेन से मिलने जाऊँगी.

तीन मील खेतों में चलने के बाद, एलिज़ाबेथ नेधरफील्ड पहुंची.

. मेरे कपड़े गंदे हो गये हैं. लेकिन उन्हें समझना होगा!

उसे ब्रेकफास्ट रूम में लाया गया.

तुम चल कर आई? ऐसे मौसम में?

इतनी सुबह? वह भी अकेले?

हाँ, मुझे जेन की चिंता हो रही थी.

बहुत बढ़िया!

एलिज़ाबेथ को जेन के कमरे में ले जाया गया. उसने देखा की जेन को सिर में दर्द था, बुखार था और उसका गला खराब था.
लिज़्ज़ी! तुम से मिल कर कितनी प्रसन्नता हो रही है. यहाँ हर कोई मेरा ध्यान रख रहा है.
प्रिय, तुम्हारी पूरी देखभाल होनी ही चाहिए.

एलिज़ाबेथ दिन भर जेन के साथ रही. दुपहर बाद उसने घर जाने का सोचा.
प्रिय जेन, अब मुझे लौटना होगा.
ओह, लिज़्ज़ी, काश तुम मेरे पास रुक सकती!
हाँ, अवश्य.... अगर जेन चाहती है तो....तुम्हें रुक जाना चाहिये.

एक नौकर बेन्नेट हाउस जाकर एलिज़ाबेथ के लिये कपड़े ले आया. इस बीच डिनर किया गया.
मैं तुम्हारी बहन से बहुत प्रभावित हूँ. मुझे आशा है कि वह शीघ्र स्वस्थ हो जायेगी.
आपने और आपकी बहनों ने उसकी बहुत अच्छी देखभाल की है.

जेन बेन्नेट बहुत ही प्यारी लड़की है. मैं आशा करती हूँ कि उसका विवाह किसी धनी लड़के से हो जाए. पर उसके परिवार के कारण इस बात की संभावना कम है.

उसके माता-पिता के पास कोई धन नहीं है. और उसका चाचा एक वकील है!

पर इस कारण उसकी सुंदरता कम नहीं हो जाती!

सबसे मधुर संबंध बनाने हेतु हर रात, जेन के सो जाने के बाद, एलिज़ाबेथ नीचे बैठक में आ जाती.
मिस्टर बिन्ग्ली सदा चिन्ताशील रहता था
मुझे आशा है कि अब वह स्वस्थ होगी?
.चिंता का कोई कारण नहीं है.

उधर डार्सी एलिज़ाबेथ से प्यार करने लगा था.
आजतक किसी लड़की ने मुझे इतना मोहित नहीं किया. पर उसका दीन-हीन परिवार उसके साथ विवाह करने से मुझे रोके रखेगा.

मिस बिन्ग्ली स्वयं डार्सी से विवाह करना चाहती थी.
उसे सच में एलिज़ाबेथ सुंदर लगती है. उसका मन बदलने के लिये जो कुछ मैं कर सकती हूँ करूंगी.
that!

कुछ दिनों बाद जेन को अच्छा लगने लगा. रविवार को वह एलिज़ाबेथ के साथ घर लौटना चाहती थी.

अगले दिन ब्रेकफ़ास्ट के समय मिस्टर बेन्नेट ने अपने कज़न विलियम कॉलिंस का एक पत्र पढ़ा. विधि अनुसार मिस्टर बेन्नेट का सारा धन एक दिन मिस्टर कॉलिंस को विरासत में मिलने वाला था.

यह तो बहुत निर्मम बात है! उस ने आपको पत्र क्यों लिखा? हम तो उसे जानते भी नहीं!
हमारे परिवारों के बीच जो झगड़ा है उसका उसे खेद है. वह हम से मिल कर, हम से मित्रता करना चाहता है.

वह अभी-अभी पादरी बना है और लेडी कैथरीन डी. बूर्ग ने उसे केंट की एक चर्च में नियुक्त किया है.

“अगर मैंने कभी आपकी लड़कियों को कष्ट दिया है तो उसके लिये मुझे खेद है,” उसने लिखा है, “मैं उनसे मित्रता करना चाहूँगा.”
देखो, बात तो वह सही कह रहा है!

वह आज दुपहर आना चाहता था. मैंने उसे लिख दिया है कि वह आ जाए.
मुझे ख़ुशी है कि उसे अपनी गलती का अहसास है.
पता नहीं वह कैसा होगा. लगता तो थोड़ा विचित्र है.

कॉलिंस चार बजे आया. सारे परिवार ने उसका स्वागत किया.
मैंने आपकी सुंदर बेटियों के विषय में सुन रखा है और सच ही सुना है. मुझे विश्वास है की शीघ्र ही आप इनका सुयोग्य वरों के साथ विवाह कर देंगे!
आप बहुत भले व्यक्ति है.

डिनर के समय कॉलिंस अपनी संरक्षिका लेडी कैथरीन डी. बूर्ग की बातें करता रहा.
कई लोग सोचते हैं कि वह घमंडी हैं, लेकिन वह मुझ पर बहुत कृपालु रही हैं. उनके कारण ही आज मेरे पास एक अच्छा घर है, पैसे हैं. उनका विचार है कि मुझे शीघ्र ही विवाह कर लेना चाहिये.

अगली सुबह.....
मेरी इच्छा थी कि आप की सुंदर बेटियों में से एक से मैं विवाह करूं. इस तरह हम अपने पुराने झगड़ों को भी समाप्त कर सकते हैं.
यह तो अच्छी बात है!

मेरी सबसे बड़ी बेटी जेन की जल्दी ही सगाई होने वाली है!
फिर मैं एलिज़ाबेथ के साथ विवाह कर सकता हूँ!
मिसेज़ बेन्नेट को अपने सौभाग्य पर विश्वास ही न हो रहा था. दो लड़कियों की सगाई लगभग हो ही गई!

उसी दुपहर में लड़कियाँ मिस्टर कॉलिंस के साथ चल कर मेरीटन आईं

देखो! मिस्टर डैनी और एक अजनबी!

कितना सुंदर है वह! अगर वह एक सैनिक हो तो कितना अच्छा हो!

.जल्दी ही दोनों टोलियाँ आपस में मिलीं.

BONNETS

इनसे मिलिये, यह है मिस्टर विकहैम. यह एक सैनिक बनने जा रहा है.

अचानक ......
क्या हुआ? एक आदमी विवर्ण हो गया है और दूसरा गुस्से से तमतमा रहा है...आश्चर्य है!

डार्सी और विकहैम कुछ बोल न पाए. फिर डार्सी आगे चला गया.
क्या तुम ने देखा? दोनों कितना अजीब व्यवहार कर रहे थे!
नहीं, बताओ मुझे!

अगली रात फिलिप्स परिवार ने एक पार्टी दी. बेन्नेट लड़कियां भी वहां गईं. सेना के कई अफसर भी आये.
मिस्टर विकहैम अपनी वर्दी में दूसरों से अधिक रूपवान लग रहा है.
वह हम में से किसे पसंद करेगा?

ताश खेलने के लिये मेज़ सज़ा दिए गये थे. कुछ मेहमान ताश खेल रहे थे. लेकिन विकहैम एलिज़ाबेथ से बातें कर रहा था.
कल जब मैं मिस्टर डार्सी से मिला था तब क्या तुम मेरे व्यवहार से हैरान हुई थी? क्या तुम उसे ठीक से जानती हो?
बहुत अच्छे से! मुझे वह असभ्य लगता है.

यहाँ हर कोई उसके आचरण को नापसंद करता है.
मैं तो हैरान हूँ. अधिकतर लोग उसे पसंद करते हैं क्योंकि वह धनी और विशिष्ट है.

हम एक साथ बड़े हुए थे. मेरे पिता उसके लिये काम करते थे. अपनी वसीयत में डार्सी के पिता ने सबसे अच्छी चर्च मेरे नाम लिखी थी. मैं एक पादरी बन सकता था.

लेकिन जब अवसर आया तो डार्सी ने वह चर्च किसी और को दे दी. इसीलिए मैं सैनिक बना.
कितना दुष्ट है! वह ऐसा कैसे कर पाया?

वह मुझ से घृणा करता है. शायद इसलिए कि उसके पिता मुझ से बहुत स्नेह करते थे.
उसकी बहन किस तरह की लड़की है?

अपने भाई जैसी! बचपन में हम दोनों मित्र थे. अब वह पन्द्रह या सोलह वर्ष की है - सुंदर है, लेकिन मेरे लिए उसका कोई महत्व नहीं है.
मैं समझ नहीं पा रही कि डार्सी और मिस्टर बिन्ग्ली अच्छे मित्र कैसे हो सकते हैं. बिन्ग्ली तो इतना दयालु है.

ताश का खेल खत्म हो गया. मिस्टर कॉलिंस, एलिज़ाबेथ के पास खड़ा था.

पार्टी समाप्त हो गई. मेहमान चले गये.
अगले दिन बेन्नेट परिवार के घर कुछ मेहमान आये.

अगली पार्टी आने वाले मंगलवार को नेधरफील्ड में होगी!

क्या तुम आओगी? कई दिनों से तुम से भेंट नहीं हुई!

हमें बुलाने के लिये धन्यवाद!

हम आमंत्रित हैं? कई सेना के अफसर भी वहां होंगे? कितना मज़ा आएगा!

पार्टी में एलिज़ाबेथ, विकहैम के साथ नृत्य करना चाहती थी. लेकिन कॉलिंस उसके पास पहले ही आ गया.

आओ कज़न, पहले दो नृत्य मैं तुम्हारे साथ करूंगा!

लेकिन मैं...ठीक है...अवश्य... धन्यवाद.

बाद में.....

मिस्टर विकहैम कहाँ है?

वह किसी काम से बाहर गया है. अगर एक विशेष व्यक्ति यहाँ नहीं होता तो शायद उसका काम भी उसे पार्टी से दूर न रख पाता.

एलिज़ाबेथ ने महसूस किया कि मिस्टर कॉलिंस उसे ही देखते जा रहा था. और अगले दिन.....

लेकिन मिसेज़ बेन्नेट और किट्टी झटपट चले गये.

वह बहुत देर तक बोलता रहा, आखिरकार एलिज़ाबेथ कुछ बोल पाई

रुको! विवाह के प्रस्ताव के लिये मैं तुम्हारी आभारी हूँ. लेकिन मैं स्वीकार नहीं कर सकती.

ओह, मैं जानता हूँ कि युवतियों को लगता है कि उन्हें ऐसा प्रस्ताव एक-दो बार ठुकरा देना चाहिये. मैं दुबारा प्रस्ताव रखूँगा.

मैं तुम से विवाह नहीं कर सकती, न आज और न कभी. मैं तुम से प्यार नहीं करती.
मुझे विश्वास है कि जब तुम्हारे माता-पिता मान जायेंगे तब तुम स्वीकार कर लोगी.

एलिज़ाबेथ कमरे से बाहर चली गयी. बाद में मिसेज़ बेन्नेट ने अपने पति से बात की.
मिस्टर बेन्नेट, आपको लिज़्ज़ी को समझाना होगा कि वह मिस्टर कॉलिंस से विवाह कर ले! वह कहती है कि वह उससे कभी विवाह नहीं करेगी.
और मैं इस में क्या कर सकता हूँ?

उस से बात करें! उसे समझायें कि वह कॉलिंस से विवाह कर ले. अन्यथा मैं उससे कभी बात न करूंगी.
मैं प्रयास करूंगा. उसे यहाँ बुलाओ.

एलिज़ाबेथ रीडिंग रूम में आई.
एलिज़ाबेथ, तुम्हारे सामने कठिन समस्या है. अगर तुम मिस्टर कॉलिंस के साथ विवाह नहीं करोगी तो तुम्हारी माँ तुम से कभी बात न करेंगी. और अगर करोगी तो मैं कभी बात न करूंगा.

मिसेज़ बेन्नेट, मिस्टर बेन्नेट और एलिज़ाबेथ से नाराज़ हो गयी. शार्लेट लूकस जब मिसेज़ बेन्नेट से मिलने आई तो उसने सारी बात सुनी.
मुझे ख़ुशी है कि तुम आई हो! कॉलिंस लिज़्ज़ी से विवाह करना चाहता है.
और उसने इंकार कर दिया है!

तो तुम्हें पता लग गया है! कृपया लिज़्ज़ी को समझाओ. इस बात में मेरा कोई साथ नहीं दे रहा.

वह हमेशा अपनी मनमानी करना चाहती है! लेकिन अगर वह हर किसी को इंकार करती रहेगी तो उसका विवाह कैसे होगा और पिता के देहांत के बाद कौन उसका ध्यान रखेगा?

तभी मिस्टर कॉलिंस वहां आया.

अब तुम सब चुप हो जाओ. मैं मिस्टर कॉलिंस से कुछ बात करना चाहती हूँ.

मिसेज़ बेन्नेट से बात करने के बाद वह शार्लेट से बात करने लगा.

मुझे विश्वास है की चार्ल्स के प्रति मेरी भावनाओं को वह जानती है. वह मुझे चेतावनी दे रही है कि मेरे लिए कोई आशा नहीं है.

यह बेकार की बात है! वह जानती है कि चार्ल्स तुम से प्यार करता है. लेकिन उसके दृष्टि में न तो हम धनवान हैं और न ही विशिष्ट.

वह चाहती है कि मिस डार्सी का विवाह उसके भाई के साथ हो और डार्सी का उसके साथ. लेकिन मुझे लगता है की चार्ल्स को तुम्हारे बजाय मिस डार्सी के साथ विवाह करने के लिए वह राज़ी नहीं सकती.

मुझे नहीं लगता कैरोलिन मुझ से झूठ बोलेगी.
मुझे विश्वास है कि चार्ल्स तुम्हारे पास लौट आएगा, प्रिय बहन.
लेकिन एलिज़ाबेथ गलत थी. चार्ल्स बिन्गली कई महीनों के बाद ही लौट कर आया.

अगली सुबह मिस्टर कॉलिंस लूकस परिवार के घर गया.
अगर मैं मिस लूकस से अकेले में बात कर पाया तो मैं उस के साथ विवाह का प्रस्ताव रखूँगा.

शार्लेट ने उसे आते देख लिया
.यह तो मिस्टर कॉलिंस है! मुझे झटपट बाहर जाकर उससे भेंट करनी चाहिये.

शीघ्र ही वह दोनों योजनायें बनाने लगे.

प्रिय मिस शार्लेट, वह कौन-सा दिन होगा जिस दिन मेरा जीवन खुशियों से भर जाएगा!

पहले मेरे माता-पिता से बात करते हैं.

अगली दिन मिस्टर कॉलिंस घर लौट आया. शार्लेट, जो एलिज़ाबेथ की मित्र थी, उसे यह सूचना देने आई.

तुम्हारी? मिस्टर कॉलिंस के साथ सगाई? प्रिय शार्लेट यह असंभव-सा लगता है!

क्या तुमने सोचा था कि अगर वह तुम से विवाह न कर पाया तो किसी से विवाह नहीं करेगा?

एक सप्ताह के बाद ही मिसेज़ बेन्नेट एलिज़ाबेथ से, बिना गुस्सा हुए, मिल पाई. और एक माह के बाद ही वह लूकस परिवार के लोगों से, बिना अशिष्ट हुए, बात कर पाई.

सौभाग्यवश, मिसेज़ बेन्नेट का भाई और उसकी पत्नी, गार्डिनर परिवार, क्रिसमस मनाने के लिए उसके घर आया.

मैं जेन को दोष नहीं देती. अगर उसके बस में होता तो वह तो मिस्टर बिन्ग्ली से विवाह कर लेती.
माँ!

लेकिन लिज़्ज़ी! वह मिस्टर कॉलिंस की पत्नी बन सकती थी. लेकिन अब मुझे से पहले लेडी लूकस अपनी बेटी का विवाह कर लेंगी.

मिसेज़ गार्डिनर और दोनों लड़कियों में मित्रता थी. बड़ी महिला ने एलिज़ाबेथ से ऐसे कहा
.जेन के लिये मुझे अफ़सोस है. क्या वह हमारे साथ लंदन आना चाहेगी?
उसके लिये अच्छा होगा कि वह कुछ दिनों के लिये बाहर चली जाए.

अगर बिन्ग्ली मिलने नहीं आता तो जेन का उससे आना-सामना भी नहीं होगा.
चिंता न करें! डार्सी कभी भी उसे जेन से मिलने न देगा!

लेकिन क्या जेन अभी भी कैरोलिन बिन्ग्ली को पत्र नहीं लिखती? वह बिन्ग्ली को बता देगी कि जेन वहां है.
मुझे नहीं लगता.

जब तक गार्डिनर परिवार वहां रहा, कई नृत्य आयोजित हुए.

वह युवक कौन है जो एलिज़ाबेथ के आगे-पीछे घूम रहा है?

वह मिस्टर विकहैम है. वह सुंदर है न?

नृत्य के बाद मिसेज़ गार्डिनर ने लिज़्ज़ी से बात की.

प्रिय, विकहैम आकर्षक युवक है, लेकिन उसके पास धन नहीं है! मुझे लगता था की तुम तो बहुत चतुर हो!

इतनी चतुर कि एक गरीब लड़के से मैं कैसे प्यार कर बैठी?

मैं जानती हूँ कि यह बुद्धिमानी नहीं होगी. लेकिन जितने भी युवकों को मैं जानती हूँ उनमें से वह सबसे अच्छा है.

लेकिन शीघ्र ही विकहैम किसी और के विषय में सोच रहा था.

कुछ समय के बाद, जेन गार्डिनर परिवार के साथ लंदन चली गई. कॉलिंस और शार्लेट के विवाह का दिन निकट आ रहा था. शार्लेट अपनी मित्र एलिज़ाबेथ को अलविदा कहने उसके घर आई.

शीघ्र ही कॉलिंस और शार्लेट का विवाह हो गया. सुखी दंपति चर्च से सीधा केंट चला गया.

दो माह बाद, एलिज़ाबेथ लूकस परिवार के साथ शार्लेट से मिलने उसके नये घर गई.

यही घर होगा!

हाँ, वह वहां खड़े हैं!

अगले दिन एलिज़ाबेथ ने आवाज़ें सुनी

जल्दी! नीचे डाइनिंग रूम में चलो. मैं तुम्हें कुछ दिखाना चाहती हूँ!

वह तो दुर्बल और स्वार्थी दिखाई पड़ती है. मिस्टर डार्सी के लिए वह उपयुक्त पत्नी होगी.

वृद्ध महिला मिसेज़ जेंकिन्सन है जो उनके साथ रहती है.

महिलायें घोड़ा-गाड़ी में चली गयीं. मिस्टर कॉलिंस ने उनके आने का कारण बताया.

डिनर उतना ही बढ़िया था जितना मिस्टर कॉलिंस ने कहा था. लेडी कैथरीन डी. बूर्ग ही हर समय बात करती रही.

शीघ्र ही सर
विलियम घर
चले गये.
एलिज़ाबेथ और
मारिया पीछे
रह गयीं.
रोसिंग्स में भी
कुछ मेहमान
आये हुए थे.

लेडी कैथरीन के भतीजे उन से मिल ने आये हैं- मिस्टर डार्सी और कर्नल फिट्ज़विलियम.
ओह, हाँ. हम मिस्टर डार्सी को जानते हैं.
हाँ, अवश्य.

लड़कियों को रोसिंग्स आने का निमंत्रण मिला. कर्नल फिट्ज़विलियम को एलिज़ाबेथ अच्छी लगी.
तुम मिस बेन्नेट से क्या कह रहे हो, फिट्ज़विलियम? ज़रा मैं भी तो सुनूँ!
हम संगीत के विषय में बात कर रहे हैं. मिस बेन्नेट मेरे लिए पियानो बजाएगी.

एलिज़ाबेथ पियानो बजाने लगी. जल्दी ही मिस्टर डार्सी उसके सामने खड़ा हो गया.
आप मुझे डराना चाहते हैं मिस्टर डार्सी, लेकिन मैं आपको ऐसा करने न दूंगी.
आपको इस बात का विश्वास नहीं है! मुझे लगता है कि ऐसी बातें कहने में आपको मज़ा आता है.

फिट्ज़विलियम और डार्सी उस दिन के बाद से कॉलिंस के घर अकसर आने लगे.
मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा. कर्नल फिट्ज़विलियम बातें करता है, हँसता है और खूब मज़े करता है. लेकिन डार्सी यहाँ क्यों आता है?

वह बैठ कर घूरता रहता है - अधिकतर तुम्हें ही घूरता है, एलिज़ाबेथ. मुझे तो लगता है कि वह तुम से प्यार करता है.
इसकी तो कोई संभावना ही नहीं है! हम किसी बात पर एकमत नहीं हैं.

फिर भी डार्सी एक दिन एलिज़ाबेथ से तब मिलने आया जब वह अकेली थी.
मैंने अपनी भावनाओं को दबाने का प्रयास किया है. लेकिन मैं सफल नहीं हुआ. मुझे कहना ही होगा की मैं तुम से कितना प्यार करता हूँ.

अपनी पत्नी के रूप में मैं तुम्हें कभी नहीं चुनता. एक दूसरे से हमारा कोई मेल नहीं है, लेकिन मैं तुम से इतना प्यार करता हूँ कि मुझे आशा है कि तुम मुझ से विवाह करोगी.

तुम ने मेरे विषय में एक भी अच्छी बात नहीं कही. तुम इस बात को भुला क्यों नहीं देते!
तुम्हें बस इतना ही कहना है?

एलिज़ाबेथ इतनी हैरान और दुःखी थी कि वह कुछ और सोच ही न पाई. और अगली दिन जब वह सुबह उठी तब भी वह दुःखी थी.

वह बाहर आ गई, इस आशा से कि चलने से उसका मन शांत हो जाएगा. बाहर फिर डार्सी दिखाई दिया.

पत्र देकर डार्सी तुरंत वहां से चला गया.
“घबराओ मत-जो कुछ मैंने कल कहा था उसे मैं फिर से नहीं कहूँगा. लेकिन मुझे यह पत्र लिखना ही पड़ा. इसे पढ़ने के बाद शायद तुम परिस्थितियों को ठीक से समझने लगो.

यह सच है कि मैंने बिन्गली बहनों के साथ मिलकर यह प्रयत्न किया कि चार्ल्स, जेन को भूल जाए.

मैंने चार्ल्स से कहा था कि जेन उसे प्यार नहीं करती है. और जितना मैं देख सकता हूँ, मुझे लगता है कि वह नहीं करती है.”

यह सच है - मैंने जेन से कहा था कि वह अपनी भावनाएं बड़े अच्छे से छिपा लेती थी!

“जहां तक विकहैम की बात है, मैं तुम्हें बता सकता हूँ कि किस तरह उसने मेरे पिता को मूर्ख बनाया और मेरे और मेरी बहन के साथ उसने कैसा व्यवहार किया. तुम कर्नल फिट्ज़विलियम से बात क्यों नहीं करती, वह सारी सच्चाई जानते हैं.

विकहैम पादरी नहीं बनाना चाहता था. इसलिये कानून की शिक्षा पाने के लिए डार्सी ने उसे बहुत सारा धन दिया था. पढ़ाई करने के बजाय विकहैम ने सारा पैसा गंवा दिया था. क्या यह सच हो सकता है.

फिर पिछली गर्मियों में विकहैम ने उस औरत के साथ मिलकर के एक योजना बनायीं जो डार्सी की पंद्रह वर्षीय बहन की देखभाल करती थी. जॉर्जियाना उससे प्यार करने लगी थी. विकहैम ने उसे घर से भाग जाने के लिए उकसाया था, कारण था जॉर्जियाना का पैसा.

“अंतिम घड़ी में जॉर्जियाना ने अपना निर्णय बदल लिया. उसने मुझे सब बता दिया. विकहैम झटपट नगर से चला गया. फिर लंबे समय तक हम ने उसे नहीं देखा.”

दो घंटों तक एलिज़ाबेथ भटकती रही. उसे किसी बात पर विश्वास न हो रहा था. लेकिन फिर भी.....

मैं विकहैम के विषय में कुछ भी नहीं जानती थी. वह मुझ से अच्छी-अच्छी बातें करता था. डार्सी ने मेरी भावनाओं को चोट पहुंचाई थी. इसलिये वह मुझे अच्छा न लगता था. जो कुछ विकहैम ने मुझे कहा मैं उसे सच मानती रही.

एक बार फिर परिवार इकट्ठा हो गया.

अंततः एलिज़ाबेथ जेन के साथ अकेली थी और अपने मन की बात उसे बता सकती थी.

डार्सी से विवाह न करने के लिये तुम मुझे दोषी तो नहीं समझती?

ओह, नहीं! लेकिन मुझे खेद है कि वह दुःखी है.

फिर एलिज़ाबेथ ने जेन को डार्सी के पत्र के विषय में बताया. लेकिन बिन्गली के बारे में कुछ न कहा.

तुम समझ सकती हो कि मैं गलत थी. लेकिन क्या हमें सबको बताना चाहिये कि विकहैम कैसा व्यक्ति है?

चूँकि वह सैनिकों के साथ दो सप्ताह में चला जाएगा, मैं कुछ नहीं बोलूंगी.

फिर लीडिया को एक सन्देश मिला.

लीडिया और किट्टी के दिल टूट गये थे क्योंकि सैनिक ब्राइटन जा रहे थे.

हमें पेम्बर्ली देखने जाना चाहिये. वह एक अच्छा घर है और उसके आसपास की जगह भी बहुत सुंदर है.

अच्छा!

एलिज़ाबेथ परेशान हो गई. अगर उनकी भेंट डार्सी से हो गई तो? वह क्या सोचेगा?

लेकिन विश्रामालय पहुँच कर उसने पता लगा लिया कि डार्सी कहीं बाहर गया हुआ था. इसलिये अगली सुबह वह पेम्बर्ली गये.

कितनी सुंदर जगह है!

एक हाउसकीपर ने उन्हें घर दिखाया.

एक माली उन्हें आसपास की जगह दिखाने वाला ही था कि अचानक......
मिस्टर डार्सी! हम तो समझ रहे थे कि आप यहाँ पर नहीं हैं!
मैं अभी ही आया हूँ. मैं दूसरों से पहले पहुँच गया.

क्या मैं तुम्हारे मित्रों से मिल सकता हूँ?
हाँ, अवश्य.

शीघ्र ही डार्सी स्वयं उन्हें सुंदर जगहें दिखा रहा था.

अगर आपको मछली पकड़ना आता है तो, जब आपका मन करे, आप यहाँ मछलियां पकड़ सकते हैं!
आपकी बहुत मेहरबानी!

वापस जाने का समय आ गया.
बिन्ग्ली, उसकी बहनें और मेरी बहन जॉर्जियाना कल यहाँ आ रहे हैं. क्या तुम से मिलाने के लिये मैं उसे ले आऊँ?
हाँ, प्लीज़ उसे ले आओ!

जब वह वापस जा रहे थे तो एलिज़ाबेथ समझ न पा रही थी कि क्या हो रहा था. इस सब का अर्थ क्या था? डार्सी एक अलग ही व्यक्ति लग रहा था.
अगले दिन डार्सी आया.
यह है मेरी बहन, जॉर्जियाना.
तुम से मिलकर अच्छा लगा!
एलिज़ाबेथ जल्दी ही समझ गयी कि जॉर्जियाना घमंडी नहीं थी, लेकिन वह बहुत शर्मीली थी.

जल्दी ही बिन्ग्ली भी आ गया.
मिस एलिज़ाबेथ! आठ माह बीत गये हैं आपके परिवार के किसी सदस्य से मिले हुए! आप सब बहनें क्या अच्छे से हैं और अभी भी अपने घर में ही रह रही हैं?
अगर बिन्ग्ली ने जेन से अंतिम भेंट के बाद के महीने गिन रखे थे तो वह अभी भी उससे प्यार करता होगा!

मेहमानों को अगली रात पेम्बर्ली में डिनर के लिये आमंत्रित किया गया. लेकिन एलिज़ाबेथ सारी रात डार्सी के बारे में सोचती रही.
मुझे लगा था कि वह मेरा शत्रु बन गया होगा. लेकिन लगता है कि बुरी बातें कहने के लिये उसने मुझे क्षमा कर दिया है.

अगली सुबह......
क्या तुम सैर करने चलोगी?
नहीं, यह जेन का पत्र है. मैं घर के समाचार पढ़ना चाहती हूँ.

पत्र पढ़ कर एलिज़ाबेथ परेशान हो गई.
यह सच नहीं हो सकता! मैं क्या करूं?
तभी डार्सी भीतर आया.
अरे, क्या हुआ?
क्षमा करें. मुझे अभी अपने अंकल को ढूंढना होगा!

नहीं, मैं ठीक हूँ. मैंने अभी जेन के पत्र में एक बुरी खबर पढ़ी है.
नौकर उन्हें ढूंढ लायेगा. मैं तुम्हारे लिए थोड़ी वाइन लाता हूँ!

मेरी छोटी बहन, लीडिया, विकहैम के साथ भाग गयी है! तुम उसे जानते हो! उसके पास कोई धन नहीं हैं जिस कारण विकहैम उससे विवाह करना चाहे!

अगर अपने परिवार को मैं वह सब बता देती जो विकहैम के बारे में जानती थी तो यह घटना रुक सकती थी.

मुझे खेद है! क्या तुम्हें पूरा विश्वास है?
ओह, हाँ! रविवार की रात वह इकट्ठे चोरी-छिपे ब्राइटन चले गये. लगभग लंदन तक उनका सुराग मिला गया है. मेरे पिता वहां गये हैं. और जेन ने अंकल की सहायता मांगी है.

हम अभी घर जायेंगे.
काश मैं तुम्हारी सहायता कर पाता! मैं अपनी बहन से कह दूंगा कि तुम्हें घर बुलाया गया है पर जाने कारण नहीं बताऊँगा.

गार्डिनर परिवार के लौटते ही सारा सामान तुरंत समेट लिया गया. शीघ्र ही वह सब घर की और चल दिए.

क्या पता उन्होंने विवाह कर लिया हो? मुझे विश्वास नहीं होता? विकहैम लीडिया के साथ ऐसा व्यवहार करेगा!

जेन कहती है कि विकहैम के दोस्तों का मानना है कि वह लीडिया से विवाह नहीं करना चाहता. वह भाग गया क्योंकि उसने लोगों को पैसा देना था जो वह जुए में हार गया था.

अगले दिन मिस्टर गार्डिनर लंदन चले गये. दो दिन बाद उनका एक पत्र आया.

मिस्टर बेन्नेट लौट आये. थोड़ी ही देर के बाद एक पत्र आया.
ओह, पापा! अच्छी खबर है या बुरी?
मुझे अभी स्वयं नहीं पता, लेकिन वह मिल गये हैं. प्लीज़ इसे ऊंची आवाज़ में पढ़ो.

"उनका विवाह नहीं हुआ है लेकिन वह शीघ्र ही विवाह कर सकते हैं अगर आप लीडिया को उसके हिस्से का धन दे दें. जितना हमने सोचा था विकहैम उस से अधिक धनवान है."

"हमारे साथ रहने के लिये लीडिया आज यहाँ आ रही है. अगर आप सहमत हों तो इसी घर में उसका विवाह हो सकता है."
ओह, भगवान का शुक्र है!
Oh, thank goodness!

आप सहमती दे देंगे न? वह तो बस लीडिया के हिस्से का धन मांग रहे हैं.
हां, अवश्य. लेकिन यह सब करने के लिये तुम्हारे अंकल ने कितने पैसे खर्च कर दिये? मैं उनका ऋण कैसे चुकाऊँगा.

आप ठीक कह रहे हैं! उस थोड़े से धन के लिए जो लीडिया को मिलना है विकहैम कभी भी लीडिया से विवाह न करता.
जो पैसे उसने देने हैं वह चुका दिए जायेंगे. लेकिन दस हज़ार पौंड से कम धन के लिये वह लीडिया से विवाह नहीं करता.

गार्डिनर परिवार के घर में विवाह हुआ. फिर सुखी जोड़ा लॉन्गबौर्न चला आया.

प्रिय लीडिया! सौलह वर्ष में ही विवाहित-इस सजीले युवक, मिस्टर विकहैम, के साथ.

मेरी बहने कामना करती होंगी कि वह मेरी जगह होतीं.

लीडिया की बात सुन कर एलिज़ाबेथ कुछ न बोली.

मैं डार्सी से प्यार करने लगी हूँ. लेकिन वह कभी भी विकहैम को बहनोई के रूप में स्वीकार नहीं करेगा. अब मुझे आशा छोड़ देनी होगी.

विवाह के दिन मैं बहुत चिंतित थी. मेरे अंकल ने विवाह करवाना था लेकिन अंतिम समय उन्हें काम पर कहीं बाहर जाना पड़ गया था.

वह समय पर लौट आये. लेकिन मिस्टर डार्सी भी विवाह करवा देते. वह विकहैम के साथ थे.

डार्सी?

बाद में एलिज़ाबेथ ने मौसी को पत्र लिखा.

डार्सी वहां क्या कर रहा था? हमारे परिवार के साथ उसका कुछ लेना-देना नहीं है. आप को मुझे बताना ही होगा!

उत्तर तुरंत आ गया.

उसने अपने को ही इस बात के लिये दोषी माना कि विकहैम की सच्चाई लोग जान न पाए थे. मुझे लगता है कि डार्सी के पास कोई और कारण भी था.

बिन्ग्ली और डार्सी भीतर आये. बिन्ग्ली जल्दी ही जेन के पास बैठ गया.

बाद में बिन्ग्ली कई बार आया. जल्दी ही एलिज़ाबेथ जान गई कि जेन के प्रति उसकी क्या भावनाएं थीं.

हम विवाह करने वाले हैं! मैं बहुत प्रसन्न हूँ!

मुझे विश्वास है कि तुम स्वीकार करोगी कि जेन संसार में सबसे अद्भुत लड़की है.

कुछ दिन बाद बेन्नेट परिवार के घर के सामने एक घोड़ा-गाड़ी आकर रुकी

गुस्से से भरी लेडी कैथरीन घोड़ा-गाड़ी में बैठ लौट गयी. कुछ ही देर में डार्सी आया.

बाद में, उसी दिन......

फिर वह दिन आया जब बेन्नेट परिवार की दो बड़ी बेटियों का विवाह दो योग्य वरों से हुआ.

जॉर्जियाना अपनी नई भाभी से प्यार करने लगी. जेन और बिन्गली पेम्ब्रली के निकट एक घर में रहने लगे. सिर्फ लेडी कैथरीन ही नाराज़ थी पर आखिरकार उसने भी मित्रता कर नये मित्र बनाए.

समाप्त